मेधावियों को दी छात्रवृत्ति

भगवान कृष्ण की लीला का मंचन करते छात्र-छात्राएं। संवाद

कानपुर। सर पदमपत सिंहानिया एजुकेशन सेंटर के वार्षिकोत्सव पद्मांजलि -कानपुरः एक खोज का रविवार को आयोजन किया गया। शुभारंभ समाज कल्याण और अल्पसंख्यक कल्याण और मुस्लिम वक्फ विभाग की अपर मुख्य सचिव मोनिका एस गर्ग ने किया।

साइंस, कॉमर्स तथा ह्यूमेनिटीज के शीर्ष पांच विद्यार्थियों को गोविंद हरि सिंहानिया स्कॉलरशिप अवार्ड के अंतर्गत 450,000 रुपये की छात्रवृत्ति दी गई। आईआईटी में चयनित यशोवर्धन मुखर्जी, नीट में चयनित सिद्धार्थ चौधरी, सात्विक मात्रेय, कृष हाडा, आयुषी गुप्ता आदि को पुरस्कृत किया गया। बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इस अवसर पर स्कूल की चेयरपर्सन मनोरमा गोविंद हरि सिंहानिया, गोविंद हरि सिंहानिया, वाइस चेयरमैन अभिषेक सिंहानिया, वर्षा सिंहानिया, पार्थो पी.कर और प्रधानाचार्य भावना गुप्ता मौजूद रहीं। (संवाद)